नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, सोमवार, 5 दिसंबर 2022

तीरंदाजी में छात्रों ने दिखाया दमखम

■ एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की ओर से अग्रवाल कॉलेज में हुए तीन दिवसीय इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को इंडियन राउंड के छात्र वर्ग में अग्रवाल कॉलेज के सौरव ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय और सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में निशा (एसएचएस भिवानी) ने प्रथम, भूमिका (गवर्नमेंट कॉलेज बल्लभगढ़) ने द्वितीय स्थान व पूनम (वीएमएस कॉलेज रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध 15 कॉलेज के खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड में भाग लिया। दूसरे दिन रविवार को रिकर्व राउंड के छात्र वर्ग में गवर्नमेंट कॉलेज दुजाना के राहुल ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज के विक्की हुड्डा ने द्वितीय व सागर शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सैनी कॉलेज रोहतक की निधि ने पहले, महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज रोहतक की निकिता ने द्वितीय स्थान व हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई दी।